संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्र. / आई.डी.एस.पी. / 2020 / 115 भोपाल, दिनांक 13/02/2020

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला– बड़वानी, बालाघाट, सिंगरौली, देवास, पन्ना, रतलाम, सीहोर, भोपाल, भिण्ड, रायसेन, मंदसौर, छतरपुर, अनूपपुर, मध्यप्रदेश।

विषय :– नोवल कोरोना वायरस 2019 (COVID-2019) बीमारी के संबंध में।

संदर्भ :–संचालनालय का पत्र क्रमांक / आई.डी.एस.पी. / 20 / 91 दिनांक 04.02.2020

==00==

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि हाल ही में चीन के हुबई राज्य के वुहान शहर में एक नये प्रकार का नोवल कोरोना वायरस (Novel corona virus **COVID-2019**) से निमोनिया के प्रकरण पाये गये है। भारत शासन द्वारा चीन एवं 24 अन्य प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों की सूची प्रदाय की गयी है। जिले (बड़वानी, बालाघाट, सिंगरौली, देवास, पन्ना, रतलाम, सीहोर, भोपाल, भिण्ड, रायसेन, मंदसौर, अनूपपुर) में आने वाले यात्रियों की सूची आपको दिनांक 04.02.2020 को प्रेषित की गयी थी एवं निर्देशित किया गया था कि प्रत्येक यात्री की जांच कर उनकी रिपोर्ट निर्धारित फार्मेट में प्रतिदिन राज्य सर्विलेंस इकाई को दी जानी थी। साथ ही 28 दिनों तक यात्रियों पर निगरानी स्वास्थ्य कर्मी द्वारा दो बार उनके घर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेनी थी। आपके द्वारा यात्रियों की निगरानी की रिपोर्ट आज दिनांक तक प्रेषित नहीं की जा रही है एवं भारत शासन द्वारा इस पर नाराजगी जतायी है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित फार्मेट में नोवल कोरोना वायरस की बीमारी की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रातः 11.00 बजे तक राज्य सर्विलेंस इकाई के ई–मेल (idspssu@mp.gov.in) पर नियमित रूप से भेजी जावे।

(डॉ.वीणा सिन्हा)
अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

पृ.क्र. / आई.डी.एस.पी. / 2020 / **भोपाल, दिनांक......................**

प्रतिलिपिः– कृपया सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, सतपुडा भवन भोपाल, म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
4. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
5. क्षेत्रीय संचालक, संभागीय स्वास्थ्य सेवाऐं इंदौर, भोपाल, रीवा, जबलपुर, सागर, ग्वालियर म.प्र.।
6. जिला सर्विलेन्स अधिकारी इंदौर, भोपाल, रीवा, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, म.प्र.।

अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.